आत्मविश्वास

आंखें बंद कर पूछा अंतरात्मा से, क्या है तेरी खूबसूरती का राज ,जवाब आया, विश्वास है मेरा गहना!

कुछ तो लोग कहेंगे ,लोगों का काम है कहना, सच्चे दिल से अच्छे कर्म करते जाना है, हर मुश्किल को है सहना!

जिसने किया खुद पर भरोसा ,उसे कौन है रोक पाया,
चाय वाले से प्रधानमंत्री बनने वाले को पूछो ,कि कैसे भरोसे ने उसे आगे बढ़ाया!

इंतजार कर रहे हैं कुछ मुश्किल वक्त के जाने का, खुद पर विश्वास रख रहे हैं कुछ आगे बढ़कर अपने सपनों को पाने का!

रखो खुद पर विश्वास, पार जरूर करोगे ये मुश्किलों की हवाएं ,चंद पलों की है ये कठिन परीक्षाएं!

डर तो सभी को लगता है दोस्तों, चलो आज उसे हरा देते हैं, अंधकार के काले रंग को, सूरज की रोशनी के सफेद रंग से सजा देते हैं!

दोस्तों की कमी कभी महसूस न करना ,खुदा सबके साथ है ,सच्चा साथी हमारा अपना आत्मविश्वास है, इस बात पर न करना कोई ऐतराज है!

धीरेश हिमतानी

10- I

आपका अपना
धीरेश